1. **अभिकथन (a) : नीलामी के माध्यम से टी-बिलों की बिक्री की जाती है।**
**कारण (R) : इस तरीके से मूल्य जानने में सहायता मिलती है।**
**निम्नलिखित कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए–**
(a) (a) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है
(b) (a) और (R) दोनों सत्य है
(c) (a) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है
(d) (a) और (R) दोनों असत्य हैं

2. **निम्नलिखित में से किस मामलों में निर्माता हेतु सामाजिक लागत वक्र निजी लागत वक्र से ऊपर रहता है ?**
(a) सकारात्मक बाह्यता (b) नकारात्मक बाह्यता
(c) सार्वजनिक संपत्ति (d) निकट-सार्वजनिक वस्तुएं

3. **निम्नांकित में से कौन निष्पादन एवं कार्यक्रम बजटिंग प्रणाली (Budgeting System) के मामले में सही है ?**
(a) इसमें केवल परिणाम पर जोर दिया जाता है
(b) इनमें परिणाम पर अधिक तथा व्यय आबंटन पर कम जोर दिया जाता है
(c) इसमें केवल व्यय आबंटन पर जोर दिया जाता है
(d) इसमें व्यय आबंटन पर अधिक और परिणाम पर कम जोर दिया जाता है

4. **निम्नलिखित में से किसने कर के 'प्रभावी करापत' (Effective Incidence) सिद्धांत को विकसित किया ?**
(a) उर्सला के हिक्स (b) जे.आर. हिक्स
(c) एच. डाल्टन (d) ए.सी. पीगू

5. **किसी सार्वजनिक वस्तु के दक्ष मात्रा के निर्माण में चुनाव असफल होता है, क्योंकि–**
(a) लोगों के मत में बदलाव हेतु 'लॉबिंग ग्रूप' घूस देते हैं
(b) उपभोग से सार्वजनिक वस्तुओं का ह्रास नहीं होता है
(c) सार्वजनिक वस्तुओं को उपभोग से नहीं रोका जा सकता
(d) मतदान सार्वजनिक वस्तुओं के लाभ की महत्ता को सही ढंग से नहीं दर्शाता है

6. **निम्नलिखित में से व्यय की कौन-सी मद योजना व्यय का हिस्सा नहीं है ?**
(a) कृषि (Agriculture)
(b) सेना (Defence)
(c) उद्योग (Industry)
(d) समाज सेवाएँ (Social Services)

7. **निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्रतिदर्शी बंटन नहीं है ?**
(a) स्टूडेन्ट t बंटन (b) फिशर का F बंटन
(c) प्वांसों बंटन (d) $\chi^2$ (Chi square) बंटन

8. **सहसम्बन्ध का गुणांक निम्नलिखित में से किसमें स्वतंत्र होता है ?**
(a) केवल मूलबिंदु में बदलाव
(b) केवल अनुमाप में बदलाव
(c) मूलबिन्दु और अनुमाप में बदलाव
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

9. **सूची-I की मदों को सुमिलान सूची-II से करें और नीचे दिए गए कूट से उत्तर दीजिए–**
**सूची-I**
**(a) मानक विचलन**
**(b) स्तरित यादृच्छिक प्रतिचयन**
**(c) एसोसिएशन का गुणांक**
**(d) माध्य > बहुलक**
**सूची-II**
**1. धनात्मक विषमतायुक्त बंटन**
**2. गुण विश्लेषण**
**3. अपकिरण माप**
**4. प्रायिकता आधारित प्रतिचयन**

| कूट : | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

10. **पूर्ण जनसांख्यिकी लाभांश तब प्राप्त होता है जब सरकार निम्न में किसे बढ़ावा देती है ?**
(a) अधिक सामाजिक सुरक्षा (b) अधिक गहन वृद्धि
(c) अधिक कौशल विकास (d) अधिक पूँजी बाजार

11. **सामान्य प्रजननता (Fertility) दर के लिए निम्न में से कौन-सा सत्य है ?**
(a) यह प्रजननता का एक वास्तविक माप है
(b) यह प्रजननता का एक संभाव्य माप है
(c) यह स्त्री जनसंख्या की संरचना का एक वास्तविक माप है
(d) यह परिकल्पित आयु विशिष्ट जन्म दर नमूने पर आधारित है

12. निम्नलिखित में किस वक्र का इस्तेमाल जनसंख्या विकास की दीर्घकालीन वृद्धि को प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है ?

(a) प्रसामान्य वक्र (b) लॉजिस्टिक वक्र

(c) घातांकी वक्र (d) संचयी आवर्ती वक्र

13. युगपद समीकरणयुक्त अर्थमितीय मॉडलों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1. आकलन से पूर्व तादात्म्यता की समस्या से निपटना होता है ।
2. क्रम शर्त आवश्यक है, किन्तु पहचान के लिए पर्याप्त नहीं है
3. आकलन की द्विस्तरीय न्यून वर्ग विधि संगत आकलक देगी यदि समीकरण अल्पभिज्ञ हो।
4. अप्रत्यक्ष न्यून वर्ग विधि के अन्तर्गत न्यून वर्ग विधि लगाई जाती है, यदि समीकरणों का ह्रासित प्रारूप हो।

निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

(a) 1 अर्थ 2 (b) 1, 2, 3 अर्थ 4

(c) 1, 2 अर्थ 3 (d) 1, 2 अर्थ 4

14. निम्नलिखित में से किसके द्वारा सकल राष्ट्रीय प्रयोज्य आय ज्ञात करेंगे ?

(a) $GNP_{mp}$ + शेष विश्व से प्राप्त चालू हस्तांतरण – शेष विश्व को चालू हस्तांतरण

(b) $NNP_{mp}$ + शेष विश्व से प्राप्त शुद्ध चालू हस्तांतरण

(c) $GNP_{mp}$ + शेष विश्व से प्राप्त चालू हस्तांतरण

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

15. निजी क्षेत्र को प्राप्त साधन लागत पर शुद्ध घरेलू उत्पाद ($NDP_{fc}$) निम्नलिखित में से कैसे ज्ञात करेंगे ?

(a) $NDP_{fc}$ – सरकारी प्रशासनिक विभागों को सम्पत्ति एवं उद्यमवृत्ति से प्राप्त आय – सरकार के गैर – विभागीय उद्यमों की बचत

(b) $NDP_{fc}$ – सरकारी प्रशासनिक विभागों को सम्पत्ति एवं उद्यमवृत्ति से प्राप्त आय

(c) $NDP_{fc}$ – सरकार के गैर-विभागीय उद्यमों की बचत

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

16. निजी आय (Private-Income) निम्नलिखित में से किसके द्वारा ज्ञात करेंगे ?

(a) निजी क्षेत्र को प्राप्त $NDP_{fc}$ + विदेशों से प्राप्त शुद्ध साधन + सरकारी प्रशसनिक विभागों से प्राप्त शुद्ध चालू हस्तांतरण + शेष विश्व से प्राप्त आय चालू हस्तांतरण + राष्ट्रीय ऋण पर ब्याज

(b) निजी क्षेत्र को प्राप्त $NDP_{fc}$ + विदेशों से प्राप्त शुद्ध साधन आय

(c) निजी क्षेत्र को प्राप्त $NDP_{fc}$ + शेष विश्व से प्राप्त शुद्ध चालू हस्तांतरण

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

17. निम्नलिखित आंकड़ों के आधार पर निजी आय क्या होगा ?

| | रुपये |
|---|---|
| (i) निजी क्षेत्र को प्राप्त $NDP_{fc}$ | 500 |
| (ii) विदेशों से प्राप्त शुद्ध साधन आय | (-) 200 |
| (iii) सरकारी प्रशासनिक विभागों से प्राप्त चालू हस्तांतरण | 300 |
| (iv) शेष विश्व से प्राप्त शुद्ध चालू हस्तांतरण | 100 |
| (v) राष्ट्रीय ऋण पर ब्याज | 100 |

(a) 600 (b) 800

(c) 1200 (d) 700

18. निम्नलिखित में से किसके द्वारा वैयक्तिक आय ज्ञात करेंगे ?

(a) वैयक्तिक आय = निजी आय – निगम लाभ कर – अवितरित लाभ

(b) वैयक्तिक आय = निजी आय + निगम कर – अवितरित आय

(c) वैयक्तिक आय = निजी आय – निगम लाभ कर + अवितरित आय

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

19. आय लोच का सही सूत्र होगा–

(a) $\frac{\text{आय में परिवर्तन}}{\text{आय}} \times \frac{\text{वस्तु पर व्यय में परिवर्तन}}{\text{वस्तु पर व्यय}}$

(b) $\frac{\text{वस्तु का व्यय में परिवर्तन}}{\text{आय में परिवर्तन}}$

(c) $\frac{\text{वस्तु का व्यय में परिवर्तन}}{\text{आय में परिवर्तन}} \times \frac{\text{आय}}{\text{वस्तु पर व्यय}}$

(d) $\frac{\text{वस्तु का व्यय में परिवर्तन}}{\text{आय}}$

20. ऐंजिल वक्र होता है

(a) नतोदर (b) उन्नतोदर

(c) (a) और (b) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

21. एक वस्तु पर आय का जितना ही अधिक भाग व्यय किया जाता है सामान्यतया उसकी मांग की मूल्य लोच उतनी ही

(a) कम होगी (b) अधिक होगी

(c) रहेगी (d) इनमें से कोई नहीं

**22. जब वस्तु की कीमत घटती है तो उसकी मांग क्यों बढ़ती है?**

(a) प्रतिस्थापन प्रभाव के कारण

(b) आय प्रभाव के कारण

(c) कीमत प्रभाव के कारण

(d) उपरोक्त सभी

**23. हीरा-पानी विरोधाभास किस अर्थशास्त्री द्वारा दिया गया था?**

(a) मार्शल (b) स्मिथ

(c) हिक्स (d) पीगू

**24. उदासीनता वक्र की ढलान जितनी तिरछी होगी, स्थानापन्नता की सीमान्त दर उतनी ही**

(a) अधिक होगी (b) कम होगी

(c) स्थिर रहेगी (d) असम्बद्ध रहेगी

**25. पूर्ण प्रतियोगिता में व्यक्तिगत फर्म के लिए मांग की कीमत लोच होती है**

(a) शून्य (b) अनन्त

(c) इकाई (d) इनमें से कोई नहीं

**26. साख-नियंत्रण की निम्नलिखित विधियों में से कौन-सी विधि परिमाणात्मक नियंत्रण में शामिल नहीं है ?**

(a) खुले बाजार की क्रियाएँ

(b) साख की राशनिंग

(c) तरल कोषानुपात का निर्धारण

(d) बैंक दर की नीति

**27. खुले बाजार की कार्यवाही का प्रयोग प्रमुख रूप से किया जाता है–**

(a) एक राजकोषीय युक्ति के रूप में जो कि सरकारी उधार राशि की सहायता करता है ।

(b) एक मौद्रिक युक्ति के रूप में जो कि प्रचलन में मुद्रा की मात्रा तथा व्यापारिक बैंकों के नकदकोष को नियंत्रित करता है ।

(c) एक युक्ति के रूप में जो व्यापार में असाधारण प्रवृत्तियाँ को संकुचित करता है ।

(d) एक यंत्र के रूप में जो भुगतान संतुलन की स्थिति को प्रभावित करता है ।

**28. केन्द्रीय बैंक का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कार्य है–**

(a) सरकार का एजेण्ट (b) नोट निर्गमन

(c) साख नियंत्रण (d) इन सभी

**29. व्यापारिक बैंकों द्वारा जनित साख का नियंत्रण कौन करता है ?**

(a) भारतीय स्टेट बैंक (b) भारत सरकार

(c) भारतीय रिजर्व बैंक (d) वित्त मंत्रालय

**30. सभी करेंसी नोट, एक रुपये के नोट को छोड़कर जारी किये जाते हैं इसके द्वारा–**

(a) राष्ट्रपति (b) वित्त मंत्रालय

(c) भारतीय रिजर्व बैंक (d) भारतीय स्टेट बैंक

**31. सामान्यतः सौदे के उद्देश्य के लिए एक व्यक्ति या फर्म की औसत मुद्रा संपत्ति की प्रवृत्ति .................. होती है, जब उनकी प्राप्तियों की बारम्बारता बढ़ती है।**

(a) स्थिर रहने की (b) गिरने की

(c) बढ़ने की (d) (a) और (b) दोनों

**32. कीन्स के अनुसार सौदे के उद्देश्य के लिए मुद्रा की मांग को निम्न में से किस फलन के रूप में दर्शाया जा सकता है?**

(a) $L_t = f(r)$ (b) $L_t = f(Y)$

(c) $L_t = f(y, r)$ (d) $L_t$ = constant

**33. तरलता जाल की स्थिति में बहुत नीची ब्याज दर पर मुद्रा की सट्टा मांग**

(a) शून्य लोचदार होती है

(b) इकाई लोचदार होती है

(c) अनन्त लोचदार होती है

(d) शून्य से अधिक व इकाई से कम लोचदार होती है

**34. फ्रीडमैन के मुद्रा के मांग सिद्धान्त के अनुसार अंतिम संपत्ति धारकों के लिए मुद्रा की मांग निम्न में से किन चरों के फलन होने की संभावना होती है?**

(a) कुल संपत्ति

(b) मुद्रा और अन्य परिसंपत्तियों पर प्रतिफल की प्रत्याशित दरें

(c) संपत्ति का मानव और गैर-मानव रूप में विभाजन

(d) उपरोक्त सभी

**35. निम्न का अवलोकन कीजिए :**

**(1) मानव पूंजी (2) बांड**

**(3) मुद्रा (4) ईक्विटियां**

**उपरोक्त में से किन्हें फ्रीडमैन ने संपत्ति के प्रकार के रूप में स्वीकार किया?**

(a) 1 और 2 (b) 1, 2 और 3

(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**36. कैगा परमाणु विद्युत् संयंत्र कहाँ अवस्थित है ?**

(a) कर्नाटक (b) तमिलनाडु

(c) गुजरात (d) राजस्थान

**37. विश्व में सबसे बड़े गैस आधारित विद्युत् संयंत्र की स्थापना भारत में किस राज्य में होने जा रही है ?**

(a) गुजरात (b) महाराष्ट्र

(c) उ० प्र० (d) त्रिपुरा

38. कैथलागुडी गैस विद्युत् परियोजना किस राज्य में स्थित है ?
(a) असम (b) उ० प्र०
(c) आ० प्र० (d) गुजरात

39. वाणिज्यिक स्तर पर प्रथम और ऊर्जा परियोजना स्थापित की जा रही है–
(a) आगरा (b) जयपुर
(c) जोधपुर (d) जैसलमेर

40. पेट्रोलियम पदार्थों की बिक्री के लिए 'पेट्रोकार्ड' किस कम्पनी द्वारा जारी किये गये हैं ?
(a) I.O.C.L (b) B.P.C.L
(c) H.P.C.L (d) I.P.C.L.

41. अवमूल्यन की सफलता के लिए निम्न में से कौन-सी शर्त/शर्तें महत्वपूर्ण है?
(a) निर्यातों की पर्याप्त पूर्ति
(b) निर्यातों और आयातों की इकाई से अधिक लोच
(c) स्थिर आन्तरिक कीमत स्तर,
(d) उपरोक्त सभी

42. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की स्थापना कब हुई?
(a) अक्टूबर, 1944 (b) नवम्बर, 1945
(c) दिसम्बर, 1945 (d) मार्च, 1946

43. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का कोई सदस्य देश अपनी भुगतान आवश्यकताओं के लिए अपने आप रिजर्व भाग में से कितना प्रतिशत तक निकाल सकता है?
(a) 40 % (b) 25%
(c) 70 % (d) 35%

44. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के किस खाते में स्वर्ण तथा विदेशी मुद्राओं के लेन-देन सम्मिलित हैं?
(a) सामान्य खाता (b) विशेष आहरण खाता
(c) विशिष्ट समायोजन खाता (d) अभिविन्यासित खाता

45. अतिरिक्त $SDR_S$ का सृजन करने के लिए मुद्रा कोष की कुल वोट शक्ति का कितना प्रतिशत इसके पक्ष में होना चाहिए?
(a) 70 % (b) 50 %
(c) 65 % (d) 85 %

46. निम्न में से किसकी स्थापना गाडगिल अध्ययन दल और नरीमन समिति की सिफारिशों के आधार पर की गई ?
(a) यूको बैंक (b) लीड बैंक
(c) नाबार्ड (d) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

47. आज मुद्रा स्फीति के दौरान कृषि संबंधी वस्तुओं की कीमतों में सापेक्षिक वृद्धि आवश्यक है, जिससे
(a) कृषि संबंधी वस्तुओं का निर्यात रोका जा सके
(b) कृषि और गैर-कृषि संबंधी वस्तुओं की कीमतों के बीच असंतुलन दूर किया जा सके
(c) कृषकों के बीच गरीबी दूर की जा सके
(d) शहरी क्षेत्रों में किसानों के उत्प्रवास को रोका जा सके

48. 1 जुलाई, 1991 को दूसरी मुद्राओं के संदर्भ में भारतीय रुपये का किस दर से अवमूल्य किया गया ?
(a) 8.00 से 10.00 प्रतिशत के बीच
(b) 10.50 से 10.80 प्रतिशत के बीच
(c) 10.60 से 10.75 प्रतिशत के बीच
(d) 8.58 से 8.59 प्रतिशत के बीच

49. भूमि विकास बैंक कृषकों को किस प्रकार के ऋण उपलब्ध कराता है ?
(a) अल्पकालिक (b) मध्यमकालिक
(c) दीर्घकालिक (d) उपर्युक्त सभी

50. भारत में पूंजी निर्माण के आंकड़े एकत्रित करने का काम कौन करता है ?
(a) भारतीय रिजर्व बैंक और भारतीय स्टेट बैंक
(b) भारतीय रिजर्व बैंक और सभी वाणिज्यिक बैंक
(c) केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन और राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण
(d) भारतीय रिजर्व बैंक और केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन

51. भारतीय अर्थव्यवस्था के अन्य आधारभूत लक्षण क्या है?
(a) असन्तुलित आर्थिक विकास
(b) औद्योगिकरण का अभाव
(c) पूंजी का अभाव
(d) उपर्युक्त सभी

52. ऊर्जा का मुख्य स्त्रोत क्या है?
(a) कोयला और बिजली (b) पेट्रोलियम
(c) प्राकृतिक गैस (d) उपर्युक्त सभी

53. भारत में प्रायः बेरोजगारी देखी जाती है–
(a) संरचनात्मक बेरोजगारी (b) अल्प रोजगार
(c) छिपी हुई बेरोजगारी (d) उपर्युक्त सभी

54. जब श्रमिकों को बिना किसी कामकाज के रहना पड़ता है, और उन्हें थोड़ा बहुत भी काम नहीं मिलता तो वे किस श्रेणी में आतें हैं?
(a) खुली बेरोजगारी (b) अल्प रोजगार
(c) छिपी हुई बेरोजगारी (d) उपर्युक्त सभी

55. उन श्रमिकों जिन्हें शिक्षित होते हुए भी अपनी क्षमता एवं योग्यता के अनुसार कार्य नहीं मिलता तो वे किस श्रेणी में आते हैं?
(a) शिक्षित बेरोजगारी (b) अल्प रोजगार
(c) छिपी हुई बेरोजगारी (d) उपर्युक्त सभी

56. सुदीर्घकालिक गतिहीनता का तात्पर्य है–

(a) एक गतिहीन अर्थव्यवस्था

(b) अर्थव्यवस्था में तेजी और मंदी की पुनरावृत्ति

(c) स्वायत्त निवेश में उतार-चढ़ाव

(d) क्रमिक अवधि में संवृद्धि की सीमांत दर में कमी

57. वृद्धिमान पूँजी-उत्पाद अनुपात (I.C.O.R.) है–

(a) $\frac{\text{पूँजी में वृद्धि}}{\text{उपभोग में वृद्धि}}$ (b) $\frac{\text{पूँजी में वृद्धि}}{\text{उत्पादन में वृद्धि}}$

(c) $\frac{\text{उत्पादन में वृद्धि}}{\text{पूँजी में वृद्धि}}$ (D $\frac{\text{कुल पूँजी}}{\text{उत्पादन की कुल मात्रा}}$

58. निम्नलिखित में से कौन-सा निर्धनता के दुश्चक्र का अवयव नहीं है ?

(a) पूँजी निर्माण (b) निवेश

(c) उत्पादकता (d) ब्याज दर

59. अनुकूलतम जनसंख्या का सिद्धांत लागू होता है–

(a) कम जनसंख्या वाले देशों में

(b) अधिक जनसंख्या वाले देशों में

(c) कम जनसंख्या एवं अधिक जनसंख्या वाले दोनों देशों में

(d) उपर्युक्त में से किसी में नहीं।

60. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन अल्प-विकसित देशों में निम्न स्तरीय प्रति व्यक्ति की आय के लिए सही है ?

(a) उपभोग की सीमांत प्रवृत्ति कम होती है।

(b) उपभोग की सीमांत प्रवृत्ति अधिक होती है।

(c) उपभोग की सीमांत प्रवृत्ति शून्य अधिक होती है।

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

61. जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था विकसित होती है, राष्ट्रीय आय में तृतीयक क्षेत्र का अंश-

(a) घटता है, तत्पश्चात बढ़ता है

(b) बढ़ता है, तत्पश्चात घटता है

(c) बढ़ता जाता है

(d) घटता जाता है

62. निम्नलिखित में से कौन मुद्रास्फीति से लाभान्वित होता है?

(a) बचत कर्ता (b) ऋणदाता

(c) ऋणी (d) पेंशन प्राप्तकर्ता

63. भारत में विद्युत उत्पादन में सर्वाधिक अंश किसका है?

(a) ताप विद्युत (b) जल विद्युत

(c) नाभिकीय विद्युत (d) सौर विद्युत

64. दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार समझौता (SAFTA) कब से प्रभावी हुआ है?

(a) 1 जनवरी, 2009 (b) 1 जनवरी, 2008

(c) 1 जनवरी, 2007 (d) 1 जनवरी, 2006

65. मौजूदा प्रावधानों के तहत् क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की चुकता पूंजी में उसके प्रवर्तक बैंक की हिस्सेदारी होती है-

(a) 55 % (b) 45 %

(c) 35 % (d) 50 %

66. सुमेलित कीजिए–

| सूची-A | सूची-B |
|---|---|
| (a) Y | 1. कारक तीव्रता |
| (b) $\delta$ | 2. प्रतिस्थापन की लोच |
| (c) $\alpha$ | 3. कारक समजातीयता |
| (d) V | 4. दक्षता प्राचल |

| कूट : | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (d) | 1 | 4 | 3 | 2 |

67. निम्न समीकरणों में से सीमान्त भौतिक उत्पादकता मापने के लिए उपयुक्त है

(a) $MPP = \frac{\Delta Q}{\Delta F}$ (b) $MPP = \frac{Q}{F}$

(c) $MPP = Q \times F$ (d) $MPP = \frac{\Delta F}{\Delta Q}$

68. वर्तमान में जीवन-स्तर के अनुमान का आधार क्या है?

(a) लोचदार

(b) प्रतिव्यक्ति आय

(c) उपभोग्य वस्तुओं की उपलब्धता

(d) तकनीकी ज्ञान का स्तर

69. मुद्रा की पूर्ति दी हुई होने पर मुद्रा की माँग बढ़ती है और तरलता अधिमान वक्र

(a) नीचे को सरक जाता है

(b) ऊपर को सरक जाता है

(c) स्थिर रहता है

(d) इनमें से कोई नहीं

70. 'M = PKT' समीकरण प्रस्तुत किया

(a) रॉबर्टसन ने (b) कीन्स ने

(c) पीगू ने (d) मार्शल ने

71. भुगतान सन्तुलन को ठीक करने के लिए मुद्राकोष द्वारा अपनाए जाने वाले उपाय हैं

(a) मुद्रा का अवमूल्यन
(b) घाटे वाले देश को व्यय में कमी करना
(c) अन्तर्राष्ट्रीय तरलता में वृद्धि
(d) उपरोक्त सभी

72. ब्याज के एजियो सिद्धान्त के प्रतिपादक थे

(a) बाम बावर्क
(b) फिशर
(c) कीन्स
(d) हॉले

73. कीन्स का रोजगार सिद्धान्त

(a) अति दीर्घकालीन है
(b) अल्पकालीन है
(c) दीर्घकालीन है
(d) ये सभी

74. माँग प्रेरित स्फीति उत्पन्न होती है

(a) पूर्ण रोजगार की अवस्था के बाद
(b) पूर्ण रोजगार की दशा में
(c) पूर्ण रोजगार से पहले
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

75. विशिष्ट कर की प्रकृति होती है

(a) आरोही
(b) अवरोही
(c) आनुपातिक
(d) अनिश्चित

# उत्तर (Answers)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (b) | 2. | (b) | 3. | (b) | 4. | (a) | 5. | (d) |
| 6. | (b) | 7. | (c) | 8. | (c) | 9. | (d) | 10. | (c) |
| 11. | (b) | 12. | (b) | 13. | (d) | 14. | (a) | 15. | (a) |
| 16. | (d) | 17. | (b) | 18. | (a) | 19. | (c) | 20. | (c) |
| 21. | (a) | 22. | (d) | 23. | (b) | 24. | (a) | 25. | (b) |
| 26. | (b) | 27. | (b) | 28. | (c) | 29. | (c) | 30. | (c) |
| 31. | (b) | 32. | (b) | 33. | (c) | 34. | (d) | 35. | (d) |
| 36. | (a) | 37. | (c) | 38. | (a) | 39. | (d) | 40. | (b) |
| 41. | (d) | 42. | (c) | 43. | (b) | 44. | (a) | 45. | (d) |
| 46. | (b) | 47. | (b) | 48. | (b) | 49. | (c) | 50. | (d) |
| 51. | (d) | 52. | (d) | 53. | (d) | 54. | (a) | 55. | (a) |
| 56. | (d) | 57. | (b) | 58. | (d) | 59. | (c) | 60. | (b) |
| 61. | (c) | 62. | (c) | 63. | (a) | 64. | (d) | 65. | (c) |
| 66. | (b) | 67. | (d) | 68. | (c) | 69. | (c) | 70. | (c) |
| 71. | (b) | 72. | (b) | 73. | (d) | 74. | (c) | 75. | (c) |